यूपीडा बनाएगी इटावा-हरदोई एक्सप्रेस वे

सुशांत सिंह ● जागरण

हरदोई: इटावा के कुदरैल गांव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे से बुंदेलखंड एक्सप्रेस को जोड़ने वाले चैनेज से गंगा एक्सप्रेस-वे को जोड़ने के लिए नया एक्सप्रेस वे बनाया जा रहा है। नवनिर्मित एक्सप्रेस-वे हरदोई जिले की सवायजपुर तहसील के कौसिया गांव में गंगा एक्सप्रेस-वे से मिलेगा। नवनिर्मित एक्सप्रेस-वे इटावा से हरदोई को वाया फर्रुखाबाद जोड़ेगा। शासन की ओर से स्वीकृति मिलने के साथ ही लिंक एक्सप्रेस वे के निर्माण के लिए यूपीडा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

यूपीडा ने आगरा एक्सप्रेस वे से गंगा एक्सप्रेस वे को जोड़ने वाले इस एक्सप्रेस वे के निर्माण के लिए रेडीकान इंडिया लिमिटेड का प्रोजेक्ट डेवलपमेंट कंसल्टेंट के रूप में चयन किया है। इटावा, फर्रुखाबाद एवं हरदोई जिले को सीधे जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे व आगरा एक्सप्रेस-वे को जोड़ेगा ही, वह सीधे चित्रकूट एक्सप्रेस-वे से भी जुड़ जाएगा। यूपीडा के निर्देश पर जिला प्रशासन एवं विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी नगर मजिस्ट्रेट ने बनने वाले लिंक एक्सप्रेस-वे के संरेखण (अलाइनमेंट) में आने वाले सवायजपुर एवं शाहाबाद तहसीलों के राजस्व गांवों से संबंधित राजस्व नक्शों एवं अभिलेखों को उपलब्ध करवाने के लिए पत्र लिखा है।

किसानों को चार गुणा मिलेगी कीमत : विशेष भू अध्याप्ति अधिकारी नगर मजिस्ट्रेट सुनील त्रिवेदी ने बताया कि एक्सप्रेस-वे के संरेखण में जनपद की सवायजपुर तहसील क्षेत्र के कहराई, नकटौरा सिसला, कहराई नकटौरा पनसाला, रायपुर, तिमिरपुर, सैदापुर, कौसिया ग्राम पंचायतों के साथ ही शाहाबाद तहसील के नगला मऊ ग्राम पंचायत आ रही हैं। नक्शा बनने के बाद तय होगा किन किसानों की भूमि क्रय की जाएगी। किसानों को शासन के निर्देशानुसार पूर्व में हुए बैनामा अथवा सर्किल रेट में से जो भी अधिक होगा उसका चार गुणा भुगतान दिया जाएगा।



यूपीडा की ओर से जारी, बुंदेलखंड, आगरा एक्सप्रेस वे एवं गंगा एक्सप्रेस वे को जोड़ने वाले एक्सप्रेस वे का नक्शा।

स्थानीय किसानों को होगा लाभ, पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा : हरदोई जनपद के साथ ही शाहजहांपुर, सीतापुर, लखीमपुर के साथ नेपाल सीमा से सटे हुए जनपदों के लोग बुंदेलखंड क्षेत्र के जनपदों में जाने के लिए इस एक्सप्रेस वे का उपयोग करेंगे। आगरा एवं गंगा एक्सप्रेस वे के यात्री भी इस लिंक एक्सप्रेस वे का उपयोग एक एक्सप्रेस वे से दूसरे एक्सप्रेस वे पर जाने के लिए करेंगे। स्थानीय किसानों को इस लिंक एक्सप्रेस वे के माध्यम से उनकी फसलों एवं उत्पादों को कई प्रदेशों तक लाने एवं ले जाने की सुविधा उपलब्ध होगी। एक्सप्रेस वे के बनने के साथ ही गंभीरी, रामगंगा, गंगा नदियों पर बनने वाले पुल से सीधे स्थानीय ग्रामीण लाभान्वित होंगे।

नींब करौरी आश्रम से पांच सौ मीटर दूर से निकलेगा एक्सप्रेस वे : विश्व प्रसिद्ध संत बाबा नींब करौरी आश्रम, फर्रुखाबाद से मात्र पांच सौ मीटर दूर से ही यह एक्सप्रेस वे निकलेगा। ऐसे में देश विदेश से आने वाले बाबा के भक्त एवं श्रद्धालु भी इस एक्सप्रेस वे के माध्यम से बाबा के आश्रम पहुंचे सकेंगे।